आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 29.05.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- केन्द्र ने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत 12 राज्यों को दस हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की।
- देहरादून में भाजपा की प्रदेश मंत्री समूह और कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न, संगठन विस्तार और चुनावी रणनीति पर चर्चा।
- अल्मोड़ा में एनसीसी कैडेट्स के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को सेना के प्रति जागरूक किया गया।
- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इस वर्ष सामान्य से कम बारिश का अनुमान जताया, किसानों को सिंचाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह।
- और..मौसम विभाग ने गढ़वाल मंडल के पर्वतीय जिलों में आज अतिवृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

**प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण**

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत बारह राज्यों को दस हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिबद्ध हैं कि देश में कोई भी गरीब व्यक्ति कच्चे मकान में न रहे। उन्होंने बताया कि पी.एम.ए.वाई.जी. के तहत चार करोड़ 95 लाख आवास के लक्ष्य के मुकाबले 3 करोड़ 91 लाख आवास को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है।

**भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की अध्यक्षता में देहरादून स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेश मंत्री समूह और कोर कमेटी की बैठक हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में जनता और कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा जीत की हैट्रिक बनाएगी।

बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने पर भी मंथन हुआ।

बैठक में संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश के विकास को नई गति देने के संकल्प को और मजबूत बनाने पर भी विचार–विमर्श किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि जिन बूथों पर पिछले चुनावों में पार्टी को कम वोट मिले थे, वहां कोर कमेटी के सदस्य प्रवास करेंगे। वे स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन आज विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

एनसीसी प्रशिक्षण शिविर

अल्मोड़ा जिले के ताड़ीखेत स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कुमाऊं मंडल स्तरीय एनसीसी कैडेट्स के लिए दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में अल्मोड़ा, बागेश्वर, नैनीताल और चम्पावत जिलों के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, ड्रोन संचालन, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, राइफल हैंडलिंग और फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया।

24 यूके गर्ल्स बटालियन की कमान अधिकारी कर्नल पी.वी. कुलकर्णी ने बालिकाओं को सेना में भर्ती से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनसीसी शिविर युवाओं में सेना के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विकसित भारत–2047 के लक्ष्य की दिशा में प्रेरित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

शिविर में योग प्रशिक्षण, निबंध प्रतियोगिता, वाद–विवाद, क्विज और पैनल डिस्कशन सहित अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

**पेंशनर सत्यापन आसान**

पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण पत्र का सत्यापन अब पहले से कहीं अधिक सरल और पारदर्शी हो गया है। डिजिटल तकनीक के माध्यम से पेंशनर अब घर बैठे ही अपना जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन सत्यापित कर पा रहे हैं, जिससे उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है।

प्रदेश में वर्तमान में लगभग 1.5 लाख पेंशनर हैं, जबकि देहरादून में 22 हजार से अधिक पेंशनर निवास करते हैं।

1 अप्रैल 2024 से अब तक इस केंद्र में 1 लाख 84 हजार से अधिक पेंशनरों का डिजिटल सत्यापन किया जा चुका है।

देहरादून के मुख्य कोषाधिकारी नीतू भंडारी ने बताया कि पेंशनरों की सुविधा के लिए कोषागार में पेंशनर फैसिलिटेशन हॉल स्थापित किया गया है, जहां उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अन्य जिलों के पेंशनर, जो वर्तमान में देहरादून में रह रहे हैं, वे भी इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

फसल संरक्षण

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दक्षिण–पश्चिम मानसून इस वर्ष समय पर या उससे कुछ पहले दस्तक दे सकता है। विभाग ने इस बार सामान्य से थोड़ी कम वर्षा का अनुमान जताया है।

पंतनगर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अजीत सिंह नैन ने बताया कि इस वर्ष लगभग 92 प्रतिशत वर्षा का अनुमान है, जो सामान्य से करीब 8 प्रतिशत कम है।

उन्होंने कहा कि कम बारिश का असर कृषि फसलों पर पड़ सकता है। वर्तमान में मक्का और गन्ने की फसल गर्मी में अच्छी पैदावार देती हैं, लेकिन किसानों को सिंचाई में कमी नहीं होने देनी चाहिए। अधिक तापमान के कारण वाष्पीकरण तेजी से हो रहा है।

डॉ. नैन ने कहा कि आम और लीची की फसलों को गर्मी से बचाने के लिए किसान रेन गन, स्प्रिंकलर और ड्रोन के माध्यम से पानी की फुहार का इस्तेमाल करें। साथ ही पेड़ों की जड़ों में पर्याप्त नमी बनाए रखें।

**मौसम**

राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में कल रात झमाझम बारिश हुई है। तेज हवाओं और बारिश से तापमान में कमी आई है, जिससे लोगों ने भीषण गर्मी से राहत ली है। मसूरी में कई क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि की खबर है।

इस बीच मौसम विभाग ने आज देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं तेज हवाएं, आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि और भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शेष जिलों में येलो अलर्ट घोषित किया गया है। विभाग ने इस अवधि में चारधाम यात्रियों और प्रदेशवासियों से अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की सलाह दी है।

**अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....**

भाजपा कोर कमेटी बैठक को आज सभी समाचार पत्रों ने स–चित्र पहले पृष्ठ पर प्रकाशित किया है। इस खबर पर अमर उजाला का शिर्षक है– जहां रह गई थी कोर कसर, वहां जाएगी कोर कमेटी। दैनिक जागरण की सुर्खी है– बंगाल की तर्ज पर ताल ठोकेगी भाजपा।

प्रदेश में मौसम की करवट पर दैनिक जागरण लिखता है– देहरादून में देर रात राहत की बरसात।

एक अन्य खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है– सिद्धरमैया ने छोड़ी कुर्सी, शिवकुमार होंगे सीएम।